Exam. Code: 0009
Sub. Code: 0705

1127

B.A./B.Sc.(Hons.)-5th Semester

Hindi

Paper: III(A)

Time allowed: 3 Hours Max. Marks: 90

***नोट:*** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

-*-*-*-

प्रश्न–१: निम्नलिखित व्याख्याशों में से **किन्हीं दो** की संदर्भ एवं काव्य सौन्दर्य सहित व्याख्या कीजिए।

(क) भतीजे को देखते ही चाचा की अजीव प्रतिक्रिया हुई। वह घबरा गया। उसके चेहरे से रहा–सहा रंग भी उड़ गया। और हाथ काँपने लगे, "मैं नहीं जाऊंगा।" उसने कांपती आवाज़ में कहा और हाथ बाँध दिए। "मैं उस मरन–कोठरी में नही जाऊंगा। तुम मुझे बख़्श दो।"

**अथवा**

गंगो चुप रही। कमाऊ बेटा किसे अच्छा नहीं लगता? मगर रीसा अभी सड़क पर चलता भी था तो बाप का हाथ पकड़कर। वह क्या काम करेगा? पर धीसू कहता गया, 'इस जैसे लौंडे बूट पालिश करते हैं।' साईकलों की दूकानों पर काम करते हैं। अखबार बेचते हैं। क्या नहीं करते? कल इसे मैं गणेशी के सुपुर्द कर दूंगा। इसे बूट पालिश करना सिखा देगा। (10)

(ख) कह नहीं सकती, कब और कैसे मुझे उन बालकों को कुछ सिखाने का ध्यान आया; पर जब बिना कार्यकारिणी के निर्वाचन के, बिना पदाधिकारियों के चुनाव के, बिना भवन के, बिना चंदे की अपील के और सारांश यह कि बिना किसी चिर–परिचित समारोह के, मेरे विद्यार्थी पीपल के पेड़ की घनी छाया में मेरे चारो ओर एकत्र हो गए, तब मैं बड़ी कठिनाई से गुरू के उपयुक्त गम्भीरता का वहन कर सकी।

**अथवा**

मैं दशहरे का अवकाश घर ही पर बिता रही थी। आलोपी एक दिन तरकारियां देकर संध्या समय तक मेस ही में बैठा रहा। कभी बड़ी ममता से तराजु को छुकर देखता, कभी बड़े स्नेह से पूसी की धनुषाकार पीठ को सहलाता और कभी विनोद से छोटी बालिकाओं को चिढ़ाने लगता। (10)

प्रश्न–२: किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) रामा की चारित्रिक विशेषताओं को उजागर कीजिए।

**अथवा**

कर्त्तव्य परायण गुरू–भक्ति के आलोक में धीसा के चरित्र का उद्घाटन कीजिए।

(ख) 'साग–मीट' कहानी के व्यंग्य की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

'चीफ की दावत' कहानी की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए। (2×15)

प्रश्न–३: किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) शब्द–शक्ति के विभिन्न प्रकारों को उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

(ख) बिम्ब किसे कहते हैं? इसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ग) रस की परिभाषा देते हुए किन्हीं चार रसों को लक्षण एवं उदाहरण सहित लिखें।

(घ) प्रतीक की परिभाषा बताते हुए इनके भेदों पर प्रकाश डालिए। (2×20)

-*-*-*-